# Hindi - Durva

## Chapter 18

# ईश्वरचंद्र विद्यासागर

**1. पढ़ो और बोलों**

**क)ईश्वरचंद  विद्यासागर  मिदनापुर  युवक  सूटकेश**

**स्टेशन  पोशाक  कुर्ता  धोती  धन्यवाद**

**शर्म  भूल  चप्पल  जनाब  माफी**

**समापन  विद्वान  समाज  सुधारक  सदा**

**मौजूद  बैलगाड़ी  इज्जत  समझ  स्वयं**

**उत्तर:** यह सभी शब्द पाठ में आए हुए है। इनकी मात्राओं और ध्वनियों में अंतर है। जिसका ज्ञान इनको बोलने व उच्चारण के समय होता है।

ईश्वरचंद  विद्यासागर  मिदनापुर  युवक  सूटकेश

स्टेशन  पोशाक  कुर्ता  धोती  धन्यवाद

शर्म  भूल  चप्पल  जनाब  माफी

समापन  विद्वान  समाज  सुधारक  सदा

मौजूद  बैलगाड़ी  इज्जत  समझ  स्वयं

**ख) प्रसिद्ध मशहूर माफी क्षमा पाठ पाठक**

**सम्मान आदर खुद स्वयं विचार विचारक**

**गुस्सा क्रोध अजीब विचित्र सुधार सुधारक**

**उत्तर:** यह सभी शब्द एक दूसरे के समानार्थी हैं। इनमें एक शब्द सामान्य बोल चाल में इस्तेमाल होता है और एक शब्द शुद्ध हिंदी का रूप हैं।

प्रसिद्ध मशहूर माफी क्षमा पाठ पाठक

सम्मान आदर खुद स्वयं विचार विचारक

गुस्सा क्रोध अजीब विचित्र सुधार सुधारक

**2. तालिका में से शब्द चुनकर वाक्य बनाओं–**

**क) मैं आज बाजार गया**

**कल स्कूल**

**परसों अस्पताल**

**चिड़ियाघर**

**मैं आज बाजार गई**

**कल स्कूल**

**परसों अस्पताल**

**चिड़ियाघर**

**उत्तर:** 1. मैं आज स्कूल गया।

2. मैं कल बाजार गया।

3. मैं कल अस्पताल गई।

4. मैं परसों चिड़ियाघर गई।

**ख)मैं आज बाजार गया था**

**हम कल स्कूल**

**तुम परसों अस्पताल**

**आप चिड़ियाघर गए थे**

**उत्तर:** 1. मैं आज स्कूल गया था।

2. हम कल बाजार गए थे

3. तुम परसों अस्पताल गए थे

**3. नमूने के अनुसार शब्द बनाओ–**

**नमून: सुधार– सुधारक**

**1) प्रचार 2) विचार 3) उद्धार**

**उत्तर:** 1) प्रचार– प्रचारक

2) विचार– विचारक

3) उद्धार– उद्धारक

**4. नमूने के अनुसार वाक्य बदलों–**

**नमूना: मेरा नाम विद्यासागर है।**

**मैं विद्यासागर हूँ।**

**1.मेरा नाम मोहन है।……….**

**उत्तर:** मैं मोहन हूँ

**2.मेरा नाम शीला है।………..**

**उत्तर:** मैं शीला हूँ।

**3.मेरा नाम राघव है।……….**

**उत्तर:** मैं राघव हूँ

**4.मेरा नाम पीटर है।……….**

**उत्तर:** मैं पीटर हूँ

**5.मेरा नाम साधना है।…….…**

**उत्तर:** मैं साधना हूँ।

**5. तालिका के एक एक भाग से शब्द चुनकर वाक्य बनाओं–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **मैं** | **आज** | **बाजार** | **गई** | **थी** |
| **हम** | **कल** | **स्कूल** | | |
| **तुम** | **परसों** | **अस्पताल** | **गई** | **थी** |
| **आप** | | **मंदिर** | | |

**उत्तर:** 1. मैं कल बाजार गई थी।

2. तुम परसों  स्कूल गई थी।

**6. नमूने के अनुसार कोष्ठक में से शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो–**

**नमूना:**

**राम कुर्सी पर……….. है। (बैठा)**

**राम कुर्सी पर बैठा है।**

**बैठा, बैठे, खड़े, लेटे, खड़ी**

**1.श्रीनिवास जी बिस्तर पर………… है।**

**उत्तर:** श्रीनिवास जी बिस्तर पर लेटे हैं।

**2.माता जी कार के पास………. है।**

**उत्तर:** माता जी कार के पास खड़ी हैं।

**3.बंदर छत पर………… है।**

**उत्तर:** बंदर छत पर बैठे हैं।

**4.कुछ बच्चें भी वहाँ……….. हैं।**

**उत्तर:** कुछ बच्चें भी वहाँ बैठे हैं।

**5.तुम यहाँ क्यों …….. हों।**

**उत्तर:** तुम यहाँ क्यों खड़े हों।

**ख) नमूना:**

**राघव अभी कमरें में बैठा हैं।**

**राघव पहले से कमरें में बैठा था।**

**1.वूटन इस समय दरवाजे पर खड़ा है।**

**उत्तर** वूटन पहले से दरवाजे पर खड़ा था।

**2. सना अभी कुर्सी पर बैठी है।**

**उत्तर:** सना पहले से कुर्सी पर बैठी थी।

**3.चंचल अभी चारपाई पर लेटा हैं।**

**उत्तर:** चंचल पहले से चारपाई पर लेटा हुआ था।

**4.अक्षय इस समय पेड़ के नीचे बैठा है।**

**उत्तर:** अक्षय पहले से पेड़ के नीचे बैठा था।

**5.घना अभी पेड़ के नीचे खड़ी है।**

**उत्तर:** घना पहले से पेड़ के नीचे खड़ी थी।

**ग) नमूना:**

**गाड़ी प्लेटफार्म पर खड़ी होती है।**

**गाड़ी प्लेटफार्म पर खड़ी हुई है।**

**1.फूलवाली वहाँ खड़ी होती हैं।**

**उत्तर:** फूलवाली वहाँ खड़ी हुई हैं।

**2.सब्जीवाला गली में खड़ा होता है।**

**उत्तर:** सब्जीवाला गली में खड़ा हुआ हैं।

**3.दूधवाला दरवाजे पर खड़ा होता है।**

**उत्तर:** दूधवाला दरवाजे पर खड़ा हुआ हैं।

**4.बस गली में खड़ी होती है।**

**उत्तर:** बस गली में खड़ी हुई हैं।

**5. रूपा लाइन में खड़ी होती है।**

**उत्तर:** रूपा लाइन में खड़ी हुई है।

**7. कैलेंडर देखकर नमूने के अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**नमूना: पंद्रह तारीख को……. है।**

**पंद्रह तारीख को रविवार है।**

**1.बीस तारीख को……….है।**

**उत्तर:** बीस तारीख को सोमवार हैं।

**2……. को एक तारीख है।**

**उत्तर:** बुधवार को एक तारीख है।

**3.पच्चीस तारीख को……….. है।**

**उत्तर:** पच्चीस तारीख को शनिवार हैं।

**4……….को तीस तारीख है।**

**उत्तर:** वीरवार को तीस तारीख है।

**5.दूसरा शनिवार………. तारीख को है।**

**उत्तर:** दूसरा शनिवार ग्यारह तारीख को है।

**8. प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**1.ईश्वरचन्द विद्यासागर कौन थे?**

**उत्तर:** ईश्वरचंद विद्यासागर एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थे। वे बहुत विद्वान भी थे। उन्होंने समाज हित के लिए अनेक कार्यों में योगदान दिया।

**2.कुली न देखकर युवक ने क्या कहा?**

**उत्तर:** स्टेशन पर एक भी कुली न देखकर युवक ने कहा की यह कैसा अजीब स्टेशन है। यहाँ पर एक भी कुली नहीं है।

**3.युवक का सामान उठाने वाला कौन था?**

**उत्तर:** युवक को जब स्टेशन पर कोई भी कुली नहीं दिखा तो एक आदमी ने उसका सामान उठा लिया। उसका सामान उठाने वाला आदमी ईश्वरचंद विद्यासागर थे।

**4.युवक पैसे देने लगा तो आदमी ने क्या कहा?**

**उत्तर:** स्टेशन पर कोई भी कुली न होने के कारण एक आदमी ने युवक का सामान उठा लिया। जब उसने युवक का सामान उसकी जगह पर पहुंचा दिया तो युवक उसे पैसे देने लगा लेकिन आदमी ने इंकार करते हुए आदमी से कहा 'मुझे पैसे नहीं चाहिए।'

**5.अंत में युवक को क्या सीख मिली?**

**उत्तर:** जब आदमी ने पैसे लेने से इंकार कर दिया था तो युवक को समझ आ गया था की मुझे अपना काम स्वयं ही करना चाहिए था। इससे उसको यह सीख मिली की कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता है। काम करने में कोई शर्म नहीं होती है